फर्द अहकाम
(नियम--26)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चितौड़गढ़ (राज0)

श्री राजमल मोची

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

किस्म . प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 23/2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.02.2020	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलार्थी श्री राजमल मोची निवासी – ने सूचना प्राप्ति हेतु एक आवेदन दिनांक 02.12.2019 को लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया। लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रार्थी को उक्त आवेदन से चाही गई सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस कार्यालय को प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का अवलोकन करने पर स्पष्ट है कि अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील आवेदन के साथ सूचना का अधिकार के तहत चाही गई सूचना संबंधी आवेदन दिनांक 02.12.2019 की प्रति तथा निर्धारित आवेदन शुल्क 10/– रूपये जमा कराने संबंधी संदाय की प्रति संलग्न नहीं की है। अतः ऐसी स्थिति में अपील ग्रहण योग्य नहीं होने से अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को प्रेषित की जावे। (चेतन देवड़ा) लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज.)	